कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/2023/4419 रायपुर, दिनांक 21-08-23

प्रेस विज्ञप्ति

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत पर्यवेक्षकों (खुली सीधी भर्ती) एवं पर्यवेक्षक (परिसीमित सीधी भर्ती) भर्ती परीक्षा 2023 (MBS23) के प्रवेश पत्र के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालक, महिला एवं बाल विकास, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) का पत्र क्र./एफ–639III/ 3051/स्था–02/म.बा.वि./2023–24/ दिनांक 28.06.2023 एवं पत्र क्र./एफ–639III/ 3255/स्था–02/म.बा.वि./2023–24/ दिनांक 05.07.2023 तथा उप संचालक, महिला एवं बाल विकास, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) द्वारा पत्र क्र./एफ–639III/ 4396/स्था–02/म.बा.वि./2023–24/दिनांक 02.08.2023 द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों पर खुली सीधी भर्ती एवं परिसीमित सीधी भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन दिनांक 27.08.2023 को दो पालियों में किया जायेगा । अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर एडमिट कार्ड दिनांक **21.08.2023 से डाउनलोड कर सकते है।**

इसके अलावा अभ्यर्थी उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं के प्रवेश पत्र **व्यापम की वेबसाइट (vyapam.cgstate.gov.in), चिप्स की वेबसाइट (http://cgstate.gov.in), जनसंपर्क की वेबसाइट (https://bdprcg.gov.in), महिला एवं बाल विकास, नवा रायपुर, की वेबसाइट (https://cgwcd.gov.in) पर उपलब्ध लिकों में से किसी भी एक लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं एवं वहां से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं । अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजा जावेगा। अभ्यर्थी इस यू.आर.एल. को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे एडमिट कार्ड प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं ।**

प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी की प्रति के साथ ही प्रत्येक परीक्षा पाली के दौरान परीक्षा केन्द्र में जमा की जाने वाली "व्यापम की प्रति" भी है । अतः अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट निकालें ।

परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी डेढ़ घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान की जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके । **किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771–2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं ।**

यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जावें । परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जावें । परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे –मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड (ई–आधार कार्ड भी मान्य)/ पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र/ फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

Present Admit Card MBS23 PRESS VIGYAPTI -2023